BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

www.bordernewsmirror.com

Saturday
14-05-2022

www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

### सलमान ने की 'धाकड़' कंगना की तारीफ

सलमान खान ने कंगना कि फिल्म धाकड़ का दूसरा ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- 'टीम धाकड़ को बहुत शुभकामनाएं !'

10

### शादी के 24 साल बाद सोहेल-सीमा ले रहे तलाक

सोहेल खान और उनकी पत्नी सीमा खान ने शादी के 24 साल बाद अब एक -दूसरे से कानूनी रूप से अलग होने का फैसला लिया है।

10



### हिट -द फर्स्ट केस' जल्द होगी रिलीज

सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की जोड़ी जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है।

10

### चारधाम के वीवीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध

उत्तराखंड सरकार ने शुक्रवार से चारधाम के वीवीआईपी और वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

9



## BRIEFLY

### तेजी से पिघल रहा गंगा को जीवन देने वाला गोमुख ग्लेशियर

उत्तरकाशी। गोमुख ग्लेशियरों के पिघलने की वजह को लेकर वैज्ञानिकों के भले अलग-अलग मत हों किन्तु भारत का दूसरा सबसे बड़ा और गंगा को जीवन देने वाला गोमुख ग्लेशियर तेजी से पिघल रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, बदलता मौसम चक्र जैसी वजहों से ग्लेशियर का गोमुख वाला हिस्सा तेजी से पीछे खिसक रहा है। सरकारी आंकड़ों में 30.20 किमी लंबा गंगोत्री ग्लेशियर कंटूर मैपिंग के आधार पर अब पिघलकर 25 किलोमीटर से भी कम रह गया है। नासा के एक अध्ययन के अनुसार गंगोत्री ग्लेशियर 25 मीटर प्रतिवर्ष की रफ्तार से पीछे खिसक रहा है। हालांकि इसकी चौड़ाई और मोटाई में पिघलने की रफ्तार तथा सहायक ग्लेशियरों की स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक अध्ययन सामने नहीं आया है। छह दशक से भी ज्यादा समय से गंगोत्री में डेरा डाल हिमशिखरों को लांघकर हिमालय का पर्यावरणीय अध्ययन करने और साक्ष्य के तौर पर वर्ष 1948 से 1990 तक की अवधि में 8 क्विंटल स्लाइड एवं फोटो का संग्रह करने वाले 90 वर्षीय ब्रह्मलीन सुंदरानंद ने बताया था कि गंगोत्री ग्लेशियर चारों ओर से सिकुड़ रहा है। सीता, मेरु आदि कई ग्लेशियरों का अस्तित्व मिट चुका है। ग्लेशियर चटकना-पिघलना एक सतत प्रक्रिया है। यह कई कारणों से तेज हो रही है। गोमुख से गंगोत्री तक 18 किमी दूर ग्लेशियर के टुकड़े आना मुश्किल है।

## Trending News

### सुब्रत रॉय के रवैये से पटना हाई कोर्ट नाराज, हर हाल में 16 को पेश करने के आदेश

बीएनएम@पटना

पटना। पटना हाई कोर्ट ने बिहार और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक समेत दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया है कि हर हाल में सहारा प्रमुख सुब्रतो राय को 16 मई को साढ़े दस बजे हाई कोर्ट में प्रस्तुत करें। न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ ने सहारा इंडिया की विभिन्न स्कीमों में उपभोक्ताओं के जमा किये गए पैसे का भुगतान को लेकर दायर की गई दो हजार से ज्यादा हस्तक्षेप याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इससे पहले कोर्ट ने 27 अप्रैल और 12 अप्रैल को सुनवाई करते हुए सहारा प्रमुख सुब्रतो रॉय को 12 मई को हाई कोर्ट में उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया था कि बिहार के निवेशकों का सहारा के विभिन्न कंपनियों में जमा किये गए पैसों का भुगतान इन कंपनियों की ओर से कैसे और कब तक किया जाएगा। अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा की समस्या को लेकर हाई कोर्ट में तीन याचिकाएं दायर की गई, जिसे कोर्ट ने मानने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद सुब्रतो रॉय कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने कहा कि रॉय ने स्वास्थ्य और सुरक्षा का हवाला देकर कोर्ट में उपस्थिति से छूट देने का जो आवेदन दिया है वह स्वीकार करने योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि रॉय का उपस्थित नहीं होना यह प्रमाणित करता है कि कोर्ट के आदेश का उनके मन में सम्मान नहीं है।




# दिल्ली: मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 27 मजदूरों की मौत

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली इलाके के मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास स्थित एक इमारत में शुक्रवार शाम को भीषण आग लग गई। आग मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास पिलर (खंभा) संख्या 544 के समीप स्थित इमारत में लगी है और 24 दमकल वाहन आग बुझाने में जुटे हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक 27 मजदूरों की मौत की खबर सामने आई है, घायलों को इलाज के लिए मदद की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह एक 3 मंजिला व्यावसायिक इमारत है, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर कंपनियों को ऑफिस स्पेस मुहैया कराने के लिए किया जाता है। आग इमारत की पहली मंजिल से शुरु हुई जो एक सीसीटीवी कैमरों और राउटर निर्माण कंपनी का कार्यालय है। दिल्ली पुलिस ने कहा, कंपनी का मालिक पुलिस हिरासत में लिया गया है। हादसे में एक की मृत्यु हुई है स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शाम चार बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद 24 दमकल वाहनों को मौके पर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि आग मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास पिलर (खंभा) संख्या 544 के समीप स्थित इमारत में लगी है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है और अग्निशमन अभियान अभी भी जारी है।

# भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप्स ईकोसिस्टम : प्रधानमंत्री मोदी



बीएनएम@इंदौर/भोपाल

इंदौर/भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है। हम दुनिया के सबसे बड़े यूनिकॉर्न हाउस में भी एक ताकत के रुप में उभर रहे हैं। 2014 में जब हमारी सरकार आई थी तब देश में 400 के आसपास स्टार्टअप्स हुआ करते थे, लेकिन आज 8 वर्ष के छोटे से कालखंड में हमारे देश में करीब 70,000 रिकॉग्नाइज्ड स्टार्टअप्स हैं। आज देश में जितनी प्रोएक्टिव स्टार्टअप नीति है, उतना ही परिश्रमी स्टार्टअप नेतृत्व भी है इसलिए देश में युवा नई ऊर्जा के साथ विकास को नई गति दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बातें शुक्रवार देर शाम को नई दिल्ली से वर्चुअली रुप से मध्य प्रदेश की स्टार्टअप नीति का शुभारंभ करने के दौरान कही। इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत अन्य जनप्रतिनिधि और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले स्टार्टअप करने वाले तीन युवाओं से संवाद भी किया।

# अभूतपूर्व संख्या में तीर्थयात्रियों के आने के कारण केदारनाथ मंदिर में आईटीबीपी ने बढ़ाई सुरक्षा

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) केदारनाथ मंदिर और केदारनाथ घाटी में तीर्थयात्रियों के दर्शन और उनके आवागमन को नियंत्रित कर रही है। आईटीबीपी के प्रवक्ता विवेक पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि मंदिर में प्रतिदिन 20 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं और सोनप्रयाग, ऊखीमठ और केदारनाथ जैसे स्थानों पर केदारनाथ घाटी में तीर्थयात्रियों की भीड़ है। इन स्थानों पर आईटीबीपी की टीमें यात्रियों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। छह मई को मंदिर के कपाट खोलने के बाद एक सप्ताह का समय हो चुका है और अब तक करीब एक लाख 30 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। आईटीबीपी ने इलाके में अपनी आपदा प्रबंधन टीमों को भी अलर्ट कर दिया है। जगह-जगह ऑक्सीजन सिलेंडर और चिकित्सा उपकरणों के साथ मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं और राज्य प्रशासन की मदद से मेडिकल इमरजेंसी और जरुरत पड़ने पर बीमार लोगों को निकालने का अभ्यास किया जा रहा है। उधर, बद्रीनाथ मंदिर में भी आईटीबीपी की टीमें मंदिर और नागरिक प्रशासन को दर्शन के सुचारु संचालन और तीर्थयात्रियों के मंदिर परिसर आदि में आवागमन आदि के प्रबंधन में मदद कर रही हैं।



# भौतिक प्रतिमान केंद्र का कार्य जल्द करें पूरा : मुख्यमंत्री



बीएनएम@पटना/वीरपुर

पटना/वीरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सुपौल जिले के वीरपुर में बिहार कोसी बेसिन विकास परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन भौतिक प्रतिमान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि दिसंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भौतिक प्रतिमान केंद्र का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। यह जब बनकर तैयार होगा तो अपने आप में विशिष्ट होगा। सीएम ने कहा कि भौतिक प्रतिमान केंद्र के शुरु होने से बाढ़ प्रबंधन और सिंचाई की योजनाओं के लिए नदियों से जुड़े जरूरी अध्ययन को कम समय में पूरा किया जा सकेगा। अब इसके लिए पुणे जाने की जरुरत नहीं होगी। इससे होने वाले खर्च में भी बचत होगी। यहां नदियों के हाइड्रोलिक गुणों का अध्ययन किए जाने से बिहार के साथ-साथ दूसरे राज्यों को भी फायदा होगा। निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री ने पूर्वी कोसी तटबंध के पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि स्पर का सुरक्षात्मक एवं पुनर्स्थापन कार्य पीवीसी कोटेड गैबियन बॉक्स में बोल्डर डालकर किया जा रहा है, ताकि तटबंध सुरक्षित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता (फ्लड), वीरपुर ने डायग्राम के माध्यम से निर्माणाधीन कैंपस प्लान की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि आपकी परिकल्पना के अनुरूप बिहार के परिप्रेक्ष्य में जल संसाधन के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से यहां उच्च कोटि के भौतिक प्रतिमान केंद्र (फिजिकल मॉडलिंग सेंटर) की स्थापना की जा रही है। नदियों के हाइड्रोलिक गुणों के अध्ययन के लिए यह पुणे के सेंटर वाटर एंड पावर रिसर्च स्टेशन के बाद भारत का दूसरा संस्थान होगा। उल्लेखनीय है कि जल विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में इस तरह का उन्नत संस्थान दुनिया के गिने-चुने देशों में ही है। 108.93 करोड़ रुपये की लागत से इस भौतिक प्रतिमान केंद्र का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री नीरज कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## NEWS IN BRIEF

### परिवार नियोजन में अच्छा प्रदर्शन के लिए किशनगंज जिला पुरस्कृत

किशनगंज। नेपाल-पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे बिहार के किशनगंज जिलों को परिवार नियोजन में अच्छा प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है।राज्य स्वास्थ्य समिति स्थित परिवार कल्याण भवन में परिवार नियोजन कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला सह समीक्षा कार्यक्रम के दौरान जिले को परिवार नियोजन में प्रथम स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि परिवार नियोजन समय की जरुरत है और इसके साधनों को अपनाकर छोटा और सीमित परिवार अपनाकर ही सबके लिए प्रगति का मार्ग खुलेगा। मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या का घनत्व देश में सर्वाधिक 1106 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है। इससे उपलब्ध संसाधनों पर दबाव स्पष्ट दिख रहा और यह सबकी प्रगति में बाधक साबित हो रहा है।

### मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक, काफिले में घुसा अज्ञात वाहन

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में दोबारा चूक हुई है। मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कार्य का जायजा लेने जब शुक्रवार को अपने आवास से सुपौल जाने के लिए निकले तो पटना जू के दो नंबर गेट पर पहुंचते ही दूसरी ओर से आ रहा एक वाहन उनके काफिले में घुस गया। इसके बाद उनके सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं। पहले हुई घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव भी किया गया था।

## जिला प्रशासन की टीम ने कांवरिया पथ का किया निरीक्षण

बीएनएम@बांका

बांका। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी में जिला प्रशासन जुट गया है। डीएम अंशुल कुमार के निर्देश पर वरीय अधिकारियों की टीम ने जिला अंतर्गत पड़ने वाले कांवरिया मार्ग का शुक्रवार को निरीक्षण किया। टीम ने जिला अंतर्गत पड़ने वाले कांवरिया मार्ग धौरी से दुम्मा तक का जायजा लिया। इस दौरान कांवरिया श्रद्धालुओं को मार्ग में किसी प्रकार का कष्ट न हो इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की जांच पड़ताल की गयी। टीम ने मार्ग में लाइटिंग व्यवस्था, रौशनी, पेयजल, स्नानागार, शौचालय, श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशाला, कांवर को रखने के लिए स्टैंड, साफ-सफाई व अतिक्रमण आदि का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर पानी के चापाकल लगाने की बात कहीं गयी। जहां बिजली व्यवस्था मौजूद नही है वहां जेनरेटर से बिजली आपूर्ति कराने पर बल दिया गया।

## राज्य के सभी नागरिकों का फ्री स्वास्थ्य बीमा करावें सरकार: विनोद झा

बीएनएम@सहरसा

सहरसा। बिहार राज्य का अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र कोशी प्रमंडल मे स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है।वही इस क्षेत्र के घर-घर मे गंभीर बिमारियों ने अपना जडे जमा ली है।साथ कैंसर जैसे रोग से अब तक सैकड़ो जाने जा चुकी है। ऐसे मे बिहार सरकार को यहां के लोगो के लिए सभी नागरिकों का 25 लाख का फ्री स्वास्थ्य वीमा करावें।उक्त बाते एम्स निर्माण संघर्ष समिति संस्थापक अध्यक्ष सह कोशी विकास संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने कही। उन्होने बताया कि इस इलाके मे स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च प्रत्येक परिवार की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। हमारी सरकार रोड पुल-पुलिया खूब बना ली है। अब मानवीय पहल करना चाहिए एवं हमारे सहरसा सहित हमारे बिहार राज्य के हर जनता के नाम 25 लाख रुपये का फ्री स्वास्थ्य बीमा करवानी चाहिए ताकि इसका लाभ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु मिल सके।इस मानवीय वीमा से हार्ट,कैंसर,न्यूरो ,कोविड, ब्लैक फंगस आदि गंभीर बीमारियों एवं कॉकलियर इम्प्लांट, बोन-मैरो ट्रांसप्लांट, किडनी, हार्ट, लिवर ट्रांसप्लांट घुटना प्रत्यारोपण डायलिसिस या जैसी मंहगे ईलाज भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। सरकार को वोट के जुगाड़ में जाति जनगणना करवाने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सभी जाति धर्म हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई को फायदा मिलेगा।

## नौ बालू लोडेड वाहनों को किया जब्त



बीएनएम@

गया। गया जिला अंतर्गत शुक्रवार की सुबह अवैध बालू खनन माफिया के विरुद्ध सदर एसडीओ इंद्रवीर कुमार के नेतृत्व में अवैध बालू खनन सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें नौ वाहनों को जब्त करते हुए करीब 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी सदर इंद्रवीर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (विधि व्यवस्था) भरत सोनी एवं जिला खनन पदाधिकारी विकास कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से अवैध बालू खनन ढुलाई एवं भंडारण के विरुद्ध व्यापक छापेमारी अभियान शुक्रवार को चलाया गया। यह अभियान बेलागंज प्रखंड के श्रीपुर घाट की तरफ किया गया। इस अभियान में कई हाईवा, ट्रक एवं ट्रैक्टर जो अवैध बालू खनन एवं परिवहन में लगे हुए थे। जिसे जब्त किया गया। सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। कुल 9 वाहनों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। अल सुबह अचानक व्यापक संख्या में सुरक्षाबलों को देखकर अवैध बालू खनन में लगे वाहन के चालक वाहन को छोड़कर भाग गए। किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिस कारण से वाहनों को थाना लाने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। सदर एसडीओ इंद्रवीर कुमार ने बताया कि सभी जब्त वाहन अवैध बालू के खनन में लगे हुए थे। साथ ही उन वाहनों द्वारा बालू की निर्धारित मात्रा से बहुत ज्यादा मात्रा में ढुलाई की जा रही थी। जिसके कारण अवैध खनन व ओवरलोडिंग का भी जुर्माना लगाया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना अध्यक्ष बेलागंज मौजूद थे। खनन विभाग एवं परिवहन विभाग के द्वारा सभी वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। जो लगभग 20 लाख रुपए है। छापेमारी अभियान के बाद स्थानीय थानाध्यक्ष को क्षेत्रों में जहां बालू की अधिक मात्रा में अवैध रुप से खनन व भंडारण किया जाता है, उन पर सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही थाना एवं अंचलाधिकारी के स्तर से लगातार उन जगहों पर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। ताकि अवैध रुप से खनन को रोका जा सके। सरकार को अवैध खनन से हो रहे राजस्व के क्षति पर लगाम लगाया जा सके।

## सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने रेलमंत्री को सौंपा मांगपत्र

बीएनएम@

अररिया।अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने सीमांचल में रेल से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और रेल से जुड़े मांगों को लेकर एक मांग पत्र रेलमंत्री को सौंपा। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जोगबनी से आनन्द विहार नई दिल्ली जाने वाली सीमांचल एक्सप्रेस के अररिया आरएस स्टेशन पर ठहराव को लेकर मंत्री से चर्चा की।जिस ओर मंत्री की ओर से सकारात्मक जवाब मिलने की बात सांसद ने कही। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। देश में जहां आवागमन व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए सड़कों का गांव-गांव में जाल बिछा दिया गया है,वहीं रेल विभाग भी नित्य नये आयामों को लिखते की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से सीमांचल के निर्माणाधीन नये विभिन्न रेल प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा की गई है,जिसे उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना और जल्द सभी को पूरा करने का आश्वासन दिया।



# बिहार में औद्योगिक क्रांति लायेंगे: शाहनवाज



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में भाजपा कोटे से उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए बिहार इन्वेस्टर मीट-2022 का बीते गुरुवार को आयोजन किया गया। दिल्ली के होटल में आयोजित मीट में अडानी ग्रुप, लूलू ग्रूप, आईटीसी, सैमसंग, कोकाकोला, रिलायंस इंस्ट्रीज, अम्बूजा सिमेंट सहित 150 से अधिक देश के बड़े उद्योगपति शामिल हुए। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इन्वेस्टर मीट में आये उद्योगपति ने बिहार की ओर उद्योग लगाने के लिए अपना कदम बढ़ा दिया है । बिहार आज उद्योगपतियों के लिए पहली पसंद है । जहां उन्हें उद्योग लगाने में सभी तरह की प्रशासनिक सुरक्षा और सुचारु ढंग से चलाने के लिए बिहार सरकार सहयोग करने को तत्पर है । उद्योग मंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग कहते थे कि बिहार में सुई की भी फैक्ट्री नहीं लग पायेगी, लेकिन मात्र एक वर्षों में 17 इथनॉल प्लांट सहित कई बड़े कम्पनियों ने अपना औद्योगिक विस्तार बिहार में किया है। भारत का सर्वप्रथम ग्रिनवेज्ड इथनॉल प्लांट पूर्णियां में मुख्यमंत्री के द्वारा उद्घाटन किया जा चुका है । आरा में 65 हजार लीटर इथनॉल प्रतिदिन उत्पादन करने वाला इकाई बनकर तैयार हो चुकी है, जो एशिया का सबसे बड़ा प्लांट होगा।600 करोड़ की लागत से बेगूसराय में पेप्सी प्लांट का उद्घाटन हो चुका है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के बाद देश के अन्य राज्यों में भी हम इन्वेस्टर मीट का आयोजन कर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। बिहार में उद्योग लगने से युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्नों पर उद्योग मंत्री ने कहा कि राष्ट्रगान में किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जो इस राष्ट्र का नागरिक उसे राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए और राष्ट्रगान को निश्चित रुप से गाना चाहिए ।कश्मीर में आतंकवाद बूझते चिराग की तरह है। कश्मीर को ठीक करने में सरकार लगी हुई है मगर कुछ लोग ऐसा नहीं करने देना चाहते हैं। मौके पर बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री जनक राम ने कहा कि बिहार की सरकार लगातार खनन माफियाओं एवं भ्रष्ट अधिकारियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।विभाग अवैध खनन में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करेगी । खनिज सम्पदा को सुरक्षित करने के लिए हमारी सरकार निष्पक्षता से काम कर रही है ।पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों पर उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के संबंध में हमारे प्रधानमंत्री से सर्वदलीय कमिटी मिली थी जिसमें भाजपा के प्रतिनिधि के रुप में मुझे शामिल होने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के उत्थान के लिए तत्पर है । हर समाज के लोगों तक समुचित विकास पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर काम कर रही है ।इससे पहले आज सहयोग कार्यक्रम में राज्य के कई जिलों से फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे । मंत्री द्वय ने संबंधित अधिकारियों से बात कर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## NEWS IN BRIEF

### जातिगत जनगणना से लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में मिलेगी मदद : अशोक चौधरी

पटना। बिहार में जदयू कोटे से भवन निर्माण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते शुक्रवार को जातीय जनगणना मामले को लेकर सरकार का पक्ष रखा।जातिगत जनगणना से लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा में सर्वसम्मति से जातिगत जनगणना कराने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। विधानसभा में सरकार की ओर से प्रस्ताव लाया गया था जिसमें सभी दलों का समर्थन प्राप्त हुआ था। उसके बाद बिहार में जातीय जनगणना कराने का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सभी दलों के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। ऐसे में बिहार में जातिगत जनगणना कराने में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में यदि जातिगत जनगणना कराई जाती है तो प्रदेश के लोगों की आर्थिक और शैक्षणिक हालात का पता चल सकेगा।

जिससे आने वाले 10 से 15 सालों में इसके आधार पर सरकार आम जनों के कल्याणार्थ योजना बनाकर लोगो को योजनाओं का लाभ दे सकेगी और इस प्रकार से समाज के सबसे निचले तबके के लोगो का उत्थान कर समरस एवं समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकेगी। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न इलाकों से भारी संख्या में आए आम कार्यकर्ताओं और लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## शार्ट सर्किट से पैथोलैब में लगी आग,10 लाख की क्षति

बीएनएम@गया

गया। गया जिला के गुरुआ थाना क्षेत्र के भूरहा मोड़ के निकट संचालित न्यू हिंदुस्तान पैथोलैब में शुक्रवार की अहले सुबह शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। घटना में करीब दस लाख रुपए के उपकरण एवं जांच संबंधित केमिकल जलकर खाक हो गया। न्यू हिन्दुस्तान पैथोलैब के संचालक मो शाकिर हुसैन ने बताया कि रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर पहुंचे थे।देर रात आग लग गई। आग लगने की सूचना मिली तो आनन-फानन में पहुंचकर दुकान का शटर खोला तो देखा जांच संबंधित सारे उपकरण के साथ फर्नीचर जलकर खाक हो गया है। इसके बाद दुकान की बिजली को काटकर समरसिबुल मोटर के माध्यम से दुकान में लगे आग को बुझाया गया। पीड़ित दुकानदार ने यह भी बताया कि दो वर्ष पहले अपनी बेरोजगारी दूर करने के लिए साहूकारों से कर्ज लेकर यहां पैथोलैब शुरु किया था।

## एचआईवी संक्रमण की जांच और रोग प्रबंधन पर दिया जा रहा बलः मंगल पांडेय

बीएनएम@पटना

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि विभाग एचआईवी एवं एड्स जैसी गंभीर बीमारी की ससमय पहचान एवं इसके समुचित प्रबंधन पर जोर दे रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए आमलोगों एवं गर्भवती महिलाओं के बीच एचआईवी-एड्स की संपूर्ण जांच व स्क्रीनिंग सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही एचआईवी संक्रमित रोगियों के लिए बेहतर रोग प्रबंधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री मंगल पांडेय ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में एचआईवी की जांच करना बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि, एड्स पीड़ित महिला से बच्चों में संक्रमण पहुंचने का खतरा बना रहता है। बिहार में वर्ष 2021-22 में कुल 30 लाख 43 हजार 795 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच के लिए पंजीकरण किया गया। इनमें से कुल 22 लाख 34 हजार 289 गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच की गई। उन्होंने कहा कि संक्रमित गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए सलाह दी गई। नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाइजेशन (नाको) द्वारा 7 लाख 79 हजार 31 आमलोगों की जांच के लिए लक्ष्य रखा गया था। लक्ष्य के विरुद्ध 7 लाख 99 हजार 611 लोगों की जांच हुई। संक्रमित लोगों को एआरभी ड्रग लेने के लिए एआरटी सेंटर से संबंधित किया गया।

## दोस्त ने की दोस्त की गला रेतकर हत्या




**मुहल्ला वासियों ने शुक्रवार को बताया कि हबीब अंसारी का 14 वर्षीय बेटा साहिल अंसारी की यारी बगल के 15 वर्षीय किशोर से थी। साहिल का यार साधु यादव पिता बासू यादव गुरुवार के करीब सात बजे घर पर आया और साहिल को मोबाइल बिकवाने के नाम पर साथ में घर से ले गया और घर से एक किलोमीटर दूर गंड़क नदी के किनारे ले जाकर धोखे से गला रेत दिया और मरा समझकर वहां से छोड़कर भाग चला। परन्तु घटना के बाद साहिल दौड़ता हुआ अपने घर आ पहुंचा।**

बीएनएम@बगहा

बगहा। बिहार में पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा नगर के नरईपुर मुहल्ला में एक नाबालिग लड़के ने मोबाइल लेने के लिए अपने मित्र का गला काट दिया है। उपचार के दौरान नाबालिग मित्र की मौत भी हो गयी है। घटना गुरुवार की देर रात की है।

परिजन उसकी हालत देख इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल ले गए।साहिल कलम से अपने हाथ और बेड पर हत्यारे दोस्त का नाम साधु यादव पिता बासु यादव और घटनास्थल के बारे में लिखकर बताया। साहिल की गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। वहां भी उसकी गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने आगे के लिए रेफर कर दिया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पटखौली ओपी प्रभारी लालबाबू यादव ने नाबालिग आरोपी साधु यादव को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## आधार कार्ड बनवाने घर से निकले मासूम की बस से कुचलकर मौत

बीएनएम@अररिया

अररिया। अररिया-फारबिसगंज फोरलेन सड़क पर हड़ियाबाड़ा चौक के समीप बस से कुचलकर मां के आंखों के सामने ही शुक्रवार को छह साल के मासूम की मौत हो गयी। मृतक मासूम हड़ियाबाड़ा गांव निवासी मो फिरोज आलम का छह वर्षीय बेटा मोहसिन अपनी मां के साथ आधार कार्ड बनाने के लिए घर से निकला था और अररिया जाने के लिए फोरलेन सड़क के किनारे किसी यात्री सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान यात्रियों से लदी फारबिसगंज से आ रही यात्री बस की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद चालक बस लेकर सीधे नगर थाना कैंपस पहुंच गया और बस को वहां खड़ा कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर



को हड़ियाबाड़ा चौक के पास जाम कर प्रदर्शन करने लगा।सड़क जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और इसमें कई यात्री बसें फंस गई। सड़क जाम कर रहे ग्रामीण मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे।

# जिले में कालाजार मुक्ति के लिए हो रहे छिड़काव का किया गया निरीक्षण



बीएनएम@मोतिहारी

**- जिले के 25 प्रखंडो में हो रहा है कालाजार का इलाज, सरकार दे रही आर्थिक सहायता**

मोतिहारी। जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र के गाँवों में कालाजार से बचाव को किए जा रहे छिड़काव का जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया । सदर प्रखंड के लक्ष्मीपुर थरघटवा वार्ड नंबर 7, 8, 9,10 में हो रहे कालाजार के दवा छिड़काव का निरीक्षण मोतिहारी सदर स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने किया। उन्होंने छिड़काव कार्य में लगे सदस्यों के कीटनाशक छिड़काव के तौर तरीकों का निरीक्षण किया साथ ही छिड़काव कार्य में किसी प्रकार की लापरवही न बरतने की चेतावनी दी। साथ ही अन्य गांव में भी चल रहे छिड़काव कार्य का निरीक्षण किया और जरुरी दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने बताया कि दवा का छिड़काव बालू मक्खी को मारने के लिए किया जाता है। यह छिड़काव घरों के बरामदा और गौशाला में भी किया जा रहा है। ताकि बालू मक्खी मर जाए। वही जिला भीबीडीसीओ डॉ शरतचंद्र शर्मा ने बताया कि घर- घर कालाजार मरीज खोज अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला कालाजार के मरीजों के इलाज व जागरुकता में काफी अग्रणी साबित हो रहा है। यहां पिछले 4 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार कालाजार के मामलों में काफी कमी आ रही है। वर्तमान में इस जिले में 75 प्रतिशत तक मरीजों के मामलों में कमी आ चुकी है। डीभीबीडीसीओ डॉ शर्मा ने बताया कि कालाजार बालू मक्खियों के काटने से होता है। पिछले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास व जागरुकता के कारण जिले में कालाजार के मरीजों की संख्या में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा कालाजार के मरीजों की आर्थिक सहायता हेतु 6600 रुपए दिया जाता है। वहीं भारत सरकार द्वारा 500 रुपए अलग से दिया जाता है। उन्हें कुल 7100 रुपयों की आर्थिक सहायता दी जाती है।

**कालाजार के रोगियों के प्रमुख लक्षण:**

2 हफ़्तों से ज्यादा बुखार
तिल्ली का बढ़ जाना
भूख नहीं लगना
वजन में कमी
चमड़े पर दाग होना तथा इस बीमारी में खून की कमी बड़ी तेजी से होने लगती है।

## NEWS IN BRIEF

### कचरा प्रबंधन वाहन को एसडीएम व बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

चिरैया। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत निर्मल पंचायत के रूप में चयनित प्रखण्ड के मधुबनी में एक समारोह का आयोजन कर शुक्रवार को सिकरहना एसडीएम इफ्तेखार अहमद ने डोर टू डोर कचरा उठाव वाहन व ठेला को रवाना किया। जो घर-घर जाकर सूखे व गीले कचरे का उठाव कर निर्धारित स्थल पर डंपिंग करेगा। जहां उक्त कचरे से बायो गैस व जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। जिसे सस्ते कीमत पर पंचायत के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा। वाहन को रवाना करने के पूर्व एसडीएम ने फीता काटकर स्वच्छता समारोह का उदघाटन किया। फिर स्वच्छता कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे सिकरहना अनुमंडल में बापू की कर्मस्थली मधुबनी पंचायत से इस अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिसका अनुकरण पूरा जिला व राज्य करेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी स्वच्छता कर्मयोगी सरकारी कार्य का एक हिस्सा है। आपका कार्य संतोषप्रद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी वार्डों में एक-एक ठेला उपलब्ध कराया गया है। जो कचरे का उठाव कर बड़ी गाड़ी को सौंप देगा। इस स्वच्छता कार्य की मॉनिटरिंग के लिए पंचायत स्तर पर एक पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। स्वच्छता कर्मयोगी घर के सामने पहुंचकर सिटी बजा कचरे का उठाव करेंगे। इस अवसर पर बीडीओ नंदकिशोर साह, प्रखण्ड समन्वयक मधुसूदन कुमार, खोढ़ा पंचायत के मुखिया सुमन्त कुमार, राघोपुर पंचायत के मुखिया पति विमल कुमार, बाराजयराम पंचायत के मुखिया पति पिन्टू सिंह, मीरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शम्भू शरण प्रसाद, मधुबनी की मुखिया विरोधिनी देवी सहित सभी वार्डों के स्वच्छता कर्मी मौजूद थे।

# सीओ के मौजूदगी में जप्त शराब को किया गया विनिष्ट

बीएनएम@सिकरहना

सिकरहना। ढाका थानाध्यक्ष अभय कुमार शराब बरामदगी में जिला में अवल रहता हैं। जो आज शराब मामले के तेतीस कांडो में जप्त पन्द्रह सौ सैतीस लीटर शराब को वरीय अधिकारी के निर्देश पर ढाका अंचलाधिकारी रीना कुमारी के मौजूदगी में विनिष्ट किया गया। आगे बताते चले की बरामद शराब को अंचलाधिकारी रीना कुमारी के समक्ष सभी शराब को बोरा में पैक कर थाना परिषर के पोखरा में पास एकत्रित करने के बाद धान दामने बाला हरम्मा से विनिष्टि करण किया गया। शराब विनिष्टि करण से हरम्मा से विनिष्टि करण का वीडियो देखने के साथ कोई थानाध्यक्ष अभय कुमार एवम अंचलाधिकारी रीना कुमारी को वाहवाही कर रहा है, तो वही कोई कोई शराब विनिष्टि करण की वीडियो देख माल को गोलमाल करने की भी बात कह रहा हैं।

# बिहार में जातिगत जनगणना कराने में अक्षम साबित हो रही है सरकार: राजेंद्र

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। बिहार राष्ट्रीय जनता दल द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत बैरिया में सदस्यता अभियान पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में किसान, मजदूर, छात्र और युवाओं ने राजद का सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय जनता दल के विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार राम ने कहा कि इस बार सभी जाति, धर्म और समुदाय के लोग काफी अधिक संख्या में राजद का सदस्य बन रहे हैं। जनता में महंगाई, भ्रष्टाचार एवं निजीकरण के सवाल पर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ काफी आक्रोश व्याप्त है। पुरे बिहार में डबल इंजन की सरकार में पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विकास योजनाओं में लूट मची है। जनता एवं जनप्रतिनिधि का कोई सुनने वाला नहीं है। महंगाई की मार से जनता त्राहिमाम है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं खाद्यान्न पदार्थ के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है। केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी घोषणाएं हवा हवाई हो गई है। नौजवान को रोजगार देने के बदले छटनी किया जा रहा है। सरकारी नौकरी से करोड़ों लोगों को हटाया जा रहा है। देश निजीकरण के दौर से गुज़र रहा है। केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने में अक्षम साबित हो गई है।

# कड़ी चौकसी के बीच होगी बीपीएससी परीक्षा: डीएम



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। अगामी 15 मई को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी संबंधित केंद्राधीक्षक,जोनल मजिस्ट्रेट,पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई।बैठक को ब्रीफ करते हुए जिलाधिकारी ने परीक्षा को कदाचार मुक्त,विधि व्यवस्था संधारण व स्वच्छ एवं पारदर्शिता पूर्ण माहौल में परीक्षा संपत्र कराने के लिए संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा के लिए जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाये गये है।जहां 10000 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकरियों की प्रतिनियुक्त की गई है।परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में कैल्कुलेटर,मोबाइल, ब्लूटूथ, वाईफाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, साधारण कलाई घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी,स्मार्ट वॉच,पेजर के साथ सभी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर,इरेजर एवं ब्लेड आदि साथ लाने पर पूर्णतः प्रतिबंधित लगाया गया है।परीक्षा के दौरान किसी भी वीक्षक या कर्मी के पास में मोबाइल नहीं रहेगा। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त महिला पुलिस बल एवं महिला वीक्षकों द्वारा महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग करने के बाद ही परीक्षा में जाने की अनुमति होगी। मौके पर अपर समाहर्ता,उप विकास आयुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला नजारत शाखा उप समाहर्ता,वरीय कोषागार पदाधिकारी,जिला पंचायत राज पदाधिकारी विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, सुपर जोनल दंडाधिकारी,सभी जोनल दंडाधिकारी,सभी स्टैटिक दंडाधिकारी,सभी केंद्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एमजीसीयुबी के कुलपति ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आनंद प्रकाश ने शुक्रवार को जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक से मुलाकात की। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा ने समाचार पत्रों को बताया कि इस बैठक में विश्वविद्यालय को प्रदेश सरकार से मिलने वाले शेष भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया, विश्वविद्यालय में पर्याप्त खेल सुविधाएं स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विकासात्मक एजेंडे पर चर्चा की गई। जिला प्रशासन की ओर से चाणक्य परिसर में एक विजिटिंग टीम ने दौरा किया। जिलाधिकारी मोतिहारी ने कुलपति को आश्वासन दिया कि दौरा करने वाली टीम परिसर में बुनियादी ढांचागत आवश्यकताओं को चिन्हित एवं पूरा करने में मदद करेगी। कुलपति प्रो. आनंद प्रकाश ने कहा कि मोतिहारी के शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रगति के लिए विश्वविद्यालय का विकास अनिवार्य है।



# बेतिया मे जिलास्तरीय दिशा की बैठक सम्पन्न




बीएनएम@बेतिया

बेतिया। जिलास्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष-सह सांसद डॉ संजय जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। दिशा की बैठक में गत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन से उपस्थित सभी जन प्रतिनिधिगण को अवगत कराया गया।जन प्रतिनिधिगण द्वारा गत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन पर संतोष प्रकट किया गया। अध्यक्ष द्वारा निदेश दिया गया कि 13 जून तक कुछेक लंबित अनुपालन प्रतिवेदन कार्य पूर्ण कराते हुए सभी जन प्रतिनिधिगण को उपलब्ध करायी जाय। इस मौके पर डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत अमृत सरोवर योजना का क्रियान्वयन जिले में किया जाना है। अमृत सरोवर योजना के तहत प्रथम चरण में जिले के 75 सरकारी सरोवरों को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए जीर्णोद्धार कार्य कराया जाना है। सरोवरों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए अविलंब कार्य योजना तैयार की जाय।उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत विद्यालयों की चहरादीवारी, मैदान की मिट्टी भराई सहित आवश्यकतानुसार बांधों की मरम्मति करायी जाय। मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों में पारदर्शिता बरती जाय। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से कराया जाय। विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन समर्पित करने वाले लाभुकों को तुरंत कनेक्शन मुहैया करायी जाय। विद्युत विपत्र में त्रुटि नहीं हो इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। दिशा की बैठक में जन-जन का स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मील योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जिला औद्योगिक नवप्रवर्तन योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, जीविका, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), एकीकृत बाल विकास परियोजना, डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, डिजिटल इंडिया प्रोग्राम, आधारभूत संरचना संबंधित कार्यक्रम (दूरभाष, खनन आदि), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में उपमुख्यमंत्री, बिहार, रेणु देवी ने कहा कि संत जेवियर्स स्कूल के पास कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्य का संबंधित कार्यपालक अभियंता स्वयं लगातार निरीक्षण करें तथा सड़क निर्माण कार्य को गुणवतापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## NEWS IN BRIEF

### बैठक में विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफॉर्मर, स्वास्थ्य सुविधा, नल-जल योजना का छाया रहा मुद्दा

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खराब ट्रांसफॉर्मर को तुरंत बदला जाय। विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए लाभुकों को विद्युत कनेक्शन दिया जाय। वेरिफाई आदि कार्य में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाय। साथ ही लाभुकों को मीटर रिडिंग के अनुरुप ही विद्युत विपत्र उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने कहा कि सड़कों की साफ-सफाई विशेषकर सार्वजनिक स्थलों पर अच्छे तरीके से निरंतर करायी जाय। साथ ही समुचित नाली आदि की भी व्यवस्था की जाय। राज्यसभा सांसद, सतीश चन्द्र दूबे ने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा की समुचित व्यवस्था अत्यंत ही जरूरी है। आधुनिक जांच उपकरणों के संचालन हेतु तकनीशियनों की व्यवस्था अविलंब करायी जाय। सांसद, सुनिल कुमार ने कहा कि नल-जल योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों में गुणवता का पूरा पालन किया जाय। साथ ही नल-जल योजना का क्रियान्यन सही तरीके से कराया जाय।विधायक, राम सिंह ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य कर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित की जाय।

साथ ही लंबे समय से एक ही स्थल पर कार्य कर रहे डॉक्टरों एवं कर्मियों को स्थानांतिरण किया जाय। विधायक, चनपटिया, उमाकान्त सिंह ने कहा कि चनपटिया प्रखंड अंतर्गत कई विद्यालय भवनहीन है जिससे बच्चों को पठन-पाठन में असुविधा होती है। भवनहीन विद्यालयों को अविलंब भवन उपलब्ध करायी जाय।

## विधानसभा सचिवालय की ओर से एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं संसदीय प्रणाली के प्रति जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा आज जिला मुख्यालय में एक दिवसीय कार्यक्रम का अयोजन निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक एवं विरासत दर्शन, सामाजिक संकल्प अभियान, बाल युवा संसद, जिला के वरीय अधिकारियों के साथ विमर्श, जिला के विभिन्न क्षेत्रो में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के साथ विमर्श आदि किया जाना है। जिला मुख्यालय के आसपास के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का अवलोकन अध्यक्ष महोदय, बिहार विधान सभा द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

## बारात में विवाद के बाद दो सगे भाईयों की हत्या,मामले में तीन गिरफ्तार

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के केसरिया थाना क्षेत्र के बथना प्रदुमन छपरा गांव में बरात को लेकर हुई विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो सगे भाईयों की हत्या कर दी गई। मृतक बथना के प्रदुमन छपरा गांव स्थित वार्ड संख्या दो के निवासी स्व. सुरेश ठाकुर के पुत्र नितेश ठाकुर व प्रिंस ठाकुर हैं। नीतेश को पीटकर मार डाला गया, जबकि प्रिंस की चाकू लगने से मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले में आरोपितों के घर पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगो को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। उक्त गांव में गुरुवार की रात बरात आई थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बरात की विदाई के बाद यह विवाद मारपीट में बदल गया। मारपीट में लोग इस कदर हिंसक हो गए कि नीतेश की लाठी डंडे से पीटकर जान ले ली। छोटे भाई की पिटाई की सूचना पर पहुंचे बड़े भाई प्रिंस को भी लोगों ने नहीं छोड़ा। भीड़ ने प्रिंस को चाकू से गोंद डाला। गंभीर स्थिति में घायल प्रिंस कुमार को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए मोतिहारी ले आया गया। जहां इलाज के दौरान ही एक निजी नर्सिंग में उसने शुक्रवार की सुबह दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि इसी महीने प्रिंस ठाकुर की शादी होने वाली थी। घटना के बाद से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव में तनाव की स्थिति देख पुलिस कैंप कर रही है।


## आयुष-यूनानी डॉक्टरों ने सीएम को दिया आवेदन

बीएनएम@बगहा

बगहा। तिब्बती/यूनानी के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (पीजी) में नामांकन के लिए कई आयुष और यूनानी डॉक्टरों के काउंसलिंग के बाद भी नामांकन नहीं हुआ है। इसे लेकर आयुष-यूनानी डॉक्टरों ने सीएम को आवेदन दिया है। डॉ नेमतुल्लाह ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीजी स्पैरेंड कंसलिंग में हम सभी को बुलाया गया और सीट नहीं दिया गया, जबकि पिछले साल की तरह इस साल भी 4 सीट खाली है, जो एससी/एसटी के लिए है लेकिन सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अगर कोई एससी/एसटी मोप्पो राउंड होने पर नहीं आता है, तो उस सीट को ओबीसी या बीसी में बदल कर खाली पदों पर नामांकन किया जा सकता है। यह नियम आरक्षण अधिनियम 2003 के आलोक अनुसार है जिसे अब तक नहीं किया गया। जिसके लिए हम सभी ने सीएम और स्वास्थ्य मंत्री को लिखित आवेदन और ई-मेल कर चुके हैं, जिस पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है,जिसपर पर आयुष डॉक्टरों ने इस मामले की पूरी जांच कर पीजी में नामांकन कराने के लिए सीएम से अनुरोध किया है।



## शादी करने आया दूल्हा बना बंधक, बाराती भागे



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के चिरैया थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में गुरुवार की रात बैंड बाजे के साथ पहुंची बारात बिन शादी के ही वापस लौट गयी। साथ ही वधु पक्ष के लोगो ने दूल्हा सहित उसके परिजनों को बंधक बनाकर रखा है।बताया जा रहा है कि छौडादानो निवासी प्रेमचन्द्र गुप्ता ने अपने पुत्र धर्मेन्द्र कुमार की शादी राघोपुर गांव निवासी प्रेम साह की पुत्री पूजा कुमारी के साथ तय की थी। जिसमे द्वार पूजा की रस्म के बाद किसी ने लड़की के परिजन को बताया कि दूल्हा बना धर्मेन्द्र कुमार दिल्ली में एक महिला को शादी का झांसा देकर वर्षों तक उसका शारीरिक व आर्थिक शोषण किया है। बाद में वह उस महिला को छोड यहां शादी कर रहा है। इस सूचना के बाद पूरा माहौल तनावपूर्ण हो गया।सारे बाराती भाग खडे हुए।वहीं, वधु पक्ष के लोगो ने दूल्हा व उसके पिता सहित अन्य परिजन को बंधक बना लिया। मिली जानकारी के अनुसार, मामले को लेकर 10 वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही राजा विहार, दिल्ली की विधवा महिला ने समयपुर बादली थाना दिल्ली में एक एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2007 में उसके पति अमरनाथ की मृत्यु हो गई। तब से वह अपने बच्चों के साथ अकेली रह रही थी। इसी बीच घर के पास जूता फैक्ट्री में काम करने वाले धर्मेन्द्र कुमार से 2012 में उसकी मुलाकात हुई। फिर शादी करने की कसमें खाकर दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। इस दौरान धर्मेन्द्र ने उससे डेढ़ लाख रुपये भी ले लिया। इतना ही नहीं धर्मेन्द्र ने बंधन व उज्जवल फाइनेंस बैंक से 50-50 हजार रुपये का ऋण भी उसके नाम पर उठा लिया।जिसकी किस्त उक्त विधवा महिला द्वारा भरा जा रहा है। बाद में विधिवत शादी का दबाव बनाने पर वह भागकर अपने घर छौड़ादानो आ गया। जिसे ढूंढते हुए वह छौड़ादानो उसके घर पहुंची। जहां उसे मारपीट कर भगा दिया गया। इस मामले को लेकर उसने छौड़ादानो पुलिस को भी एक आवेदन पत्र दिया है। इस जानकारी के बाद दुल्हन पक्ष के लोग तिलक लौटाने की जिद्द पर अड़े हुए हैं।मामले की बाबत चिरैया थाना के अपर थानाध्यक्ष सूर्यदेव प्रसाद ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है।मामले की तहकीकात की जा रही है।

# मुख्य सड़क का कार्य बरसात के पहले नही हुआ तो होगा धरना : रंजीत सिंह




बीएनएम@रक्सौल

रक्सौल। भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित अन्तराष्ट्रीय शहर रक्सौल की दुर्दशा इतनी खराब है कि इस शहर को अंतरराष्ट्रीय शहर कहने में भी शर्म आता है क्योंकि सड़क में संवेदक के द्वारा कार्य पूरा नही करने के कारण सड़क नालो व गड्डों में तब्दील हो गया है, और अधिकारियों से लेकर संवेदक तक कान में तेल डालकर सोते हुए प्रतीत हो रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि जिलाधिकारी के द्वारा भी निर्देश देने के बावजूद भी संवेदक को कोई फर्क नही पड़ रहा है। जबकि मुख्य सड़क निर्माण का कार्य मार्च तक समाप्त कर दिया जाना था लेकिन आज तक कार्य पूरा नही किया गया है। जिसको लेकर आज जिलाधिकारी के जनता दरबार में स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के द्वारा रक्सौल नगर मुख्य पथ के निर्माण में हो रहे लापरवाही को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रुप से सड़क के निर्माण में हो रही देरी को लेकर दिया गया है साथ ही सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी तथा जहां-तहां से काम शुरु करने के चलते प्रतिदिन लगने वाले जाम सड़क में बन रहे गड्डे आदि प्रमुख समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से रखा गया । इस दौरान रणजीत कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से कहा की अंतरराष्ट्रीय शहर का महत्व रखने वाला रक्सौल शहर सड़क के निर्माण में हो रहे देरी एवं गुणवत्ता के अभाव में हो रहे निर्माण से शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। साथ ही व्यवसाई वर्ग का बहुत नुकसान हो रहा है व स्कूल में जाने वाले बच्चे समय से विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं साथी 31 मार्च तक निर्माण का अंतिम समय था वह भी बीत चुका है । इसी विषय को लेकर जिलाधिकारी अत्यंत गंभीर दिखे एवं तत्काल वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ मेरी कल की मीटिंग फिक्स की जाए और उन्होंने स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रणजीत सिंह के सामाजिक जागरुकता की तारीफ करते हुए आश्वासन दिया की उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। रणजीत सिंह ने आगे बताया एक बार के अंदर में बरसात से पूर्व यदि निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है तो रक्सौल के व्यवसाई एवं नागरिकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे।

## NEWS IN BRIEF

### चिरैया में राष्ट्रीय जनता दल ने चलाया दो दिवसीय सदस्यता अभियान

चिरैया। प्रखंड राजद ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दो दिवसीय राज्यव्यापी सदस्यता अभियान शुक्रवार को विभिन्न पंचायतों में दूसरे दिन भी चलाया। सदस्यता अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर चार-चार क्रियाशील सदस्य बनाए जाने हैं। प्रखंड अंतर्गत रामपुर दक्षिणी पंचायत के बूथ संख्या 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, एवं रामपुर उत्तरी पंचायत के बूथ संख्या 39,40, 41, 42, 43, 44 पर दिन भर यह अभियान चला। सदस्यता अभियान का नेतृत्व चिरैया विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी अच्छेलाल प्रसाद यादव कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अभियान में दलित, पिछड़े, महिलाएं , अकलियत सहित समाज के सभी वर्ग को जोड़ा जाएगा। श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देश पर राजद के दो दिवसीय सदयस्ता अभियान शिविर में लालू प्रसाद यादव के समाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ो युवा, बुज़ुर्गों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। यहां बता दे कि राष्ट्रीय जनता दल पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अगले दो महीने तक लगातार यह अभियान चलाएगा।

#### बूथ स्तर पर बनाए जाएंगे चार क्रियाशील सदस्य

इसके लिए सभी प्रखंडों में अलग से प्रभारी बनाए गए हैं। यह अभियान पुनः 25 -26 मई को तथा जून महीने में चलाया जाएगा। अभियान के दौरान राजद नेता रामदरेश पासवान, साबिर साहब , रामबालक यादव, सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 99 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का आन द स्पॉट हुआ समाधान

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित राधाकृष्णन भवन में जनता दरबार लगा। इस दौरान 99 लोगों के समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। इस अवसर पर डीएम ने आपूर्ति, भूमि विवाद, पर्चा वितरण ,परिवहन , राजस्व, मद्य निषेध ,शिक्षा, नगर निगम, भू अर्जन, अतिक्रमण आदि विषय से संबंधित आवेदन के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंन कहा कि आवेदनकर्ता के समस्याओं को पूरी जवाबदेही के साथ सुनवाई करें। टालमटोल की नीति ना अपनाए।उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने अनुमंडल में जनता दरबार लगाकर स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का निष्पादन सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बेलवा डैम प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

बीएनएम@शिवहर

शिवहर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शिवहर जिले के निर्माणाधीन बेलवा डैम प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित बागमती कार्य प्रमंडल के वरीय पदाधिकारियें से इस प्रोजेक्ट के संबंध में गहन समीक्षा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों को यथा शीघ्र भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बागमती नदी की पुरानी धारा को जीवित करते हुए इसमें चैनल का निर्माण कर बूढ़ी गंडक से जोड़ने का निर्देश दिया गया। नवनिर्मित पुल का निरीक्षण करते हुए स्टेट हाईवे को चालू करने का भी निर्देश दिया गया ज्ञातव्य है कि हेड रेगुलेटर एवं तटबंध निर्माण कार्य का उद्देश्य बाढ़ के समय हेड रेगुलेटर से अधिकतम 50000 क्यूसेक जल प्रवाहित कराकर पुरानी बागमती नदी की धार से बूढ़ी गंडक नदी में प्रवाहित किया जाना है। विदित हो कि निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिले के 4.39 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल को बाढ़ से राहत मिलेगी एवं 3400000 लोग सिंचाई, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों से लाभान्वित होंगे । मौके पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्य परामर्शी दीपक कुमार, जल संसाधन मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल, तिरहुत प्रमंडल के आईजी पंकज सिन्हा ,जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, उप विकास आयुक्त विनोद दूहन, अपर समाहर्ता शंभू शरण एवं जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

## अग्निपिड़ीतो के बीच जिला रेडक्रॉस ने बांटी राहत सामग्री

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को रेड क्रॉस भवन, बेतिया में विगत दिनों हुई अगलगी से पीड़ित नौतन अंचल के मंगलपुर कला, वार्ड नं. 03 के भीम चौधरी, शिवराजपुर के लालू साह व मुकुन साह कुल 03 परिवारों को राहत सामग्री के रुप में तिरपाल, बर्तन सेट, हाईजीन कीट, शॉल, बाल्टी, मच्छरदानी इत्यादि का वितरण किया। सचिव डॉ. जगमोहन कुमार व पेट्रन मेम्बर अमर यादव ने कहा कि अभी के सीजन में अगलगी की घटनाएँ अधिक होती हैं। सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देश का अनुपालन कर सावधानियां बरत कर इस आपदा से बचा जा सकता है।। स्वयं सावधान रहें, जागरुक रहें और दूसरों को भी जागरुक करें। मौके पर प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद, आपदा राहत समिति के सह संयोजक लालबाबू प्रसाद, आजीवन सदस्य बिहारी लाल प्रसाद उर्फ लाल दरोगा महतो, दिलीप कुमार, रेड क्रॉस यूथ क्लब के इमरान कुरैशी, कर्मी महेन्द्र चौधरी ने कहा कि पीड़ितों की सेवा रेड क्रॉस का लक्ष्य है।



## बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर डीएम ने की समीक्षा



बीएनएम@गोपालगंज

गोपालगंज। ज़िला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी (भा0प्रा0से0) की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारी एवं सुखाड़ को लेकर आपदा प्रबंधन की समीक्षा समाहरणालय सभा कक्ष में की गयी। इस क्रम में महोदय द्वारा सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निदेश दिया गया कि अपने क्षेत्रा अंतर्गत शरण स्थलों में चापाकल ,शौचालय,बिजली एवं कमरों के साफ सफाई के भौतिक सत्यापन का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे। आपदा प्रभारी पदाधिकारी गोपालगंज एवं अपर समाहर्ता गोपालगंज को बांध का निरीक्षण कर कटाव निरोधी मरम्मती कार्य का भौतिक सत्यापन करने का निदेश दिया गया। यह विशेष निदेश दिया गया कि बाँधो/सड़को के दोनों तरफ किसी भी स्थिति में आवासित नही किया जाए ताकि आपदा के समय सुचारु रुप से राहत बचाव कार्य किया जा सके। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल गोपालगंज के कार्यपालक अभियंता को सलेमपुर छरकी में हो रहे मरम्मती कार्य मे विशेष सावधानी बरतने का निदेश दिया गया। सम्पूर्ति पोर्टल पर डाटाओं की प्रविष्टि हेतु सभी अंचलाधिकारी को निदेश दिया गया कि सूची का भौतिक सत्यापन कराते हुए प्रविष्टि दर्ज करेंगे। इसके साथ साथ गोताखोरों की सूची, राहत बचाव दल, कम्युनिकेशन प्लान, लाइफ जैकेट, पॉलीथिन सीट की उपलब्धता, सरकारी एवं निजी नावों का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन भेजने का निदेश दिया गया। कोविड को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक प्रखंड में एक कोविड सेंटर चिन्हित करने का निदेश भी दिया गया। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि बाढ़ग्रस्त प्रखंडो से सम्बंधित उनके विभाग की सड़कों की मरम्मती कार्य का वीडियो सहित प्रतिवेदन कल शाम तक भेजने का निदेश दिया गया। बाढ़ के समय आबादी निष्क्रमण हेतु आवागमन के साधनों को चिन्हित करने,वाहन मालिकों, चालकों का नाम पता एवं मोबाइल नम्बर,कम्युनिटी किचन सेंटर में भोजन बनाने वाले रसोईये, सामग्रियों की धुलाई के सम्बंध में पूर्व तैयारी कर लेने का निदेश

# देश में हर संप्रदाय के लोगों को सुरक्षा और सम्मान मिल रहा : योगी आदित्यनाथ



बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दक्षिण भारत के संतों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग पंथ और समुदाय हैं, परन्तु ये विभाजन के लिए नहीं हैं। ये मंज़िल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्ग हैं। लक्ष्य सबका एक ही है वसुधैव कुटुंबकम का। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां जंगमबाड़ी मठ में जगतगुरु विशेश्वर शिवाचार्य महास्वामी का पंचाधिक शताब्दी जन्मोत्सव कार्यक्रम में आयोजित वीर शैव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री मठ में भगवान विश्वराध्य का विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद पीठ के 87वें जगद्गुरु के रुप में डॉ मल्लिकार्जुन शिवाचार्य स्वामी के पट्टाभिषेक में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 100 साल की एक लंबी यात्रा यहां के गुरुकुल परंपरा ने पूरी कर ली है और अपना शताब्दी समारोह आयोजित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मठ में पूर्व में आगमन का उल्लेख कर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आए थे। हम प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र में उनका प्रतिनिधि बनकर आए हैं। पूरे भारत को प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व मिल रहा है। आज नई ऊर्जा के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। विकास की नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। वैश्विक मंच पर भारत मजबूत हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र सशक्त होता है तो धर्म भी मजबूत होता है। हम धर्म से बढ़कर भारत के अनुयायी है। हम सबका एक ही संकल्प है तेरा वैभव अमर रहे, हम दिन चार रहे ना। इस संकल्प को पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक भारत-सशक्त भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हर संप्रदाय के लोगों को सुरक्षा और सम्मान मिल रहा है। 21 जून को पूरी दुनिया विश्व योग दिवस मनाएगी। वैश्विक मंच पर योग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चलते मान्यता मिली। मुख्यमंत्री ने जंगमबाड़ी मठ में कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महराष्ट्र से आये श्रद्धालुओं का पूरे गर्मजोशी से अभिवादन किया। सम्मेलन में वीर शैव संप्रदाय के अन्य चार पीठों के प्रतिनिधि में उज्जैन पीठ के जगदगुरु सिद्धलिंग राजदेशी केंद्र महास्वामी, श्रीशैल पीठ (आंध्रप्रदेश) के चल्ल सिद्धराम पंडिताराध्य महास्वामी भी मौजूद रहे।

## NEWS IN BRIEF

### उप्र : दो आईएएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। शासन ने शुक्रवार दोपहर को दो आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। तबादले के क्रम में डॉ. प्रशांत त्रिवेदी को वित्त आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव वित्त, संस्थागत वित्त एवं वाह्य सहायतित परियोजना विभाग के पद पर तैनात किया गया है। इसी के साथ उन्हें अपर मुख्य सचिव आयुष विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इससे पहले वह इसी पद पर ही थे। डॉ. प्रशांत को जो पद मिला है वह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा एस चौहान के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद से खाली चल रहा था। इसके अलावा नितिन रमेश गोकर्ण को प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन के पद पर तैनाती के साथ ही साथ प्रमुख सचिव राज्य कर विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है।

### बीमारी के चलते विचाराधीन कैदी की मौत

कासगंज। जनपद कारागार में शुक्रवार को तड़के विचाराधीन कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे जिला चिकित्सालय लाया गया। यहां चिकित्सकों ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। मृतक जनपद एटा का निवासी है। कई थानों में उस पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। जनपद एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव कसैला निवासी उमेश कुमार दुबे का 45 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार दुबे पिछले दिनों से कासगंज जिला कारागार में सज़ा काट रहा था। बीते दिनों से उसकी तबीयत गड़बड़ चल रही थी। रात करीब चार बजे अचानक उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। आनन-फानन में जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी जिला प्रशासन एवं एटा स्थित उसके परिजनों को दे दी गई है।

# रेलवे के ठेकेदार ने संपत्ति विवाद को लेकर गोली मारकर की खुदकुशी

बीएनएम@प्रयागराज

प्रयागराज। औद्योगिक थाना क्षेत्र में नेवादा समोगर गांव में स्थित एक अपार्टमेंट में बीती देर रात सम्पत्ति विवाद को लेकर रेलवे के ठेकेदार ने अपनी लाइसेंसी असलहे से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मामले को लेकर जांच कर रही है। चन्दौली निवासी विभुति नारायण सिंह (50) रेलवे में ठेकेदारी करता था। उसकी पत्नी बच्चों के साथ किराये का कमरा लेकर चन्दौली में रहती है। विभूति के अन्य भाई वाराणसी में रहते हैं। वर्तमान में वह पचदेवरा गांव के पास निर्माणाधीन रेलवे पुल का कार्य करा रहा था। औद्योगिक के नेवादा समोगर गांव में स्थित एक अपार्टमेंट से रहता था। गुरुवार की रात सम्पत्ति को लेकर मोबाइल पर ही विवाद हो गया और वह वीडियो कॉलिंग पर ही उसने अपनी लाइसेंसी असलहे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे वाराणसी, वीर शैव सम्मेलन में लेंगे भाग

बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार दोपहर में वाराणसी पहुंचे। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरा। यहां मुख्यमंत्री का प्रशासनिक अफसरों के साथ जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां से मुख्यमंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच जंगमबाड़ी मठ में आयोजित वीर शैव सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हो गये। सम्मेलन में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री वापस सर्किट हाउस में लौटेंगे। यहां कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक के बाद शाम छह बजे डीएवी पीजी कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चौरी-चौरा कांड की 100 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद देर रात शहर में निमार्णाधीन व पूरी हो चुकी परियोजनाओं का निरीक्षण भी करेंगे। इसके बाद वे काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। अगले दिन शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रशासन के कामकाज का फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी के प्रस्तावित दौरे के पूर्व ही विकास के साथ पीएम के प्राथमिकता आधारित परियोजनाओं को लेकर अफसरों को दिशा निर्देश भी देंगे।

# काबू ट्रेलर ने सड़क पर मचाई तबाही, तीन की मौत, चार घायल

बीएनएम@महाराजगंज

महाराजगंज। जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क पर तबाही मचाते हुए कई लोगों को टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। घायलों को बनकटी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को फरेंदा थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर ने कोल्हुई निवासी अभिषेक उपाध्याय को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे बाद ट्रेलर का ड्राइवर तेज गति से गाड़ी को भागने लगा और दक्षिणी बाईपास पर पहुंचते ही अनियंत्रित हो गया और एक ढाबे में घुस गया, जहां राजकुमार साहनी पुत्र भगवती सोनी ग्राम अदरौना तथा धनुष यादव पुत्र बीरबल यादव निवासी बलिया की मौत हो गई। धनुष यादव एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत था। इसके अलावा 04 लोग घायल हैं, जिन्हें बनकटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# लखनऊ में बनेगा भव्य लक्ष्मण मंदिर



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोहनाकला जानकीपुरम विस्तार में एक एकड़ में भव्य लक्ष्मण मंदिर बनेगा। मंदिर का शिखर 81 फीट ऊंचा होगा। मंदिर के साथ ही माता उर्मिला वृद्धाश्रम का निर्माण भी होगा। भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के मंदिर की आधारशिला वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुक्रवार को रख दी गयी। लक्ष्मणपुरी के नाम से भी विख्यात इस नगरी में अगले पांच वर्षों में निर्माण पूरा होने पर श्री लक्ष्मण जी के मंदिर के शिखर पर ध्वजा लहराने लगेगी। मंदिर में श्रीलक्ष्मण-उर्मिला जी के दिव्य स्वरुप के साथ मंदिर में शिव परिवार और श्रीराम दरबार की मूर्ति स्थापित होगी। इसके साथ ही एक एकड़ क्षेत्र में बन रहे इस मंदिर में अशक्त-वृद्धाओं के लिए माता उर्मिला वृद्धाश्रम भी खोला जायेगा। श्री लक्ष्मण पीठ सेवा न्यास के सौजन्य से तैयार हो रहे इस मंदिर का भूमि पूजन अध्यक्ष व रामकथा प्रवक्ता पण्डित धीरेन्द्र वशिष्ठ महाराज ने किया। इस अवसर पर संतों के साथ पद्मश्री विद्याविंदु सिंह, डा.नलिनकांत त्रिपाठी, पूर्व न्यायाधीश विद्यासागर विश्वकर्मा और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भूमि पूजन के बाद धीरेन्द्र वशिष्ठ महाराज ने बताया कि वह 2017 से निरन्तर लखनऊ में श्रीलक्ष्मण मंदिर के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित हैं। पूरे देश में भिक्षाटन कर पिछले वर्ष ही श्रीलक्ष्मण मंदिर बनाने के लिए भूमि ली गयी। अब भूमि पूजन अनुष्ठान के बाद मंदिर निर्माण प्रारम्भ हो जायेगा। भूमि पूजन के बाद ही यहां देर रात तक चलने वाला भण्डारा भी प्रारम्भ हो गया। मंदिर के वास्तुकार मीनाक्षी तिवारी व सुनील श्रीवास्तव हैं। इस अवसर पर यहां उपस्थित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को संतों के आशीर्वचन भी मिले। क्षेत्रीय जनता और करीब के ग्राम प्रधानों का भी आयोजन में सहयोग रहा। संगीतज्ञ और स्वामी पागलदास के शिष्य डॉ.राज खुशीराम ने यहां मृदंग वादन कर शास्त्रीय सुरों की अलख जगायी तो भजन किशोर चतुर्वेदी ने भजन संध्या में राम स्तुतियों के संग लक्ष्मण की विशेष स्तुति और हनुमत भजनों का मधुर

Saturday 14 May 2022

# Editorial

**जब भी पढ़ाई करने बैठे ये सोचें कि "आखिरी बार पढ़ रहा हूँ कल मेरा एग्जाम है" यकीनन इस सोच के साथ की गई तैयारी एक अलग लेवल की होगी और आप बड़े से बड़े एग्जाम आसानी से पास कर लेंगे।**

## नाटो का विस्तार और भारत

'नाटो' नामक सैन्य संगठन में अब यूरोप के दो नए देश भी जुड़नेवाले हैं। ये हैं- फिनलैंड और स्वीडन। इस तरह 1949 में अमेरिका की पहल पर बने 15 देशों के इस संगठन के अब 32 सदस्य हो जाएंगे। यूरोप के लगभग सभी महत्वपूर्ण देश इस सैन्य संगठन में एक के बाद एक शामिल होते गए, क्योंकि शीतयुद्ध के जमाने में उन्हें सोवियत संघ से अपनी सुरक्षा चाहिए थी और सोवियत संघ के खत्म होने के बाद उन्हें स्वयं को संपन्न करना था। फिनलैंड, स्वीडन और स्विटजरलैंड जान-बूझकर सैनिक गुटबंदियों से अलग रहे लेकिन यूक्रेन पर हुए रुसी हमले ने इन देशों में भी बड़ा डर पैदा कर दिया है। फिनलैंड तो इसलिए भी डर गया है कि वह रुस की उत्तरी सीमा पर अवस्थित है। रुस के साथ उसकी सीमा 1340 किमी की है, जो नाटो देशों से दुगुनी है। फिनलैंड पर हमला करना रुस के लिए यूक्रेन से भी ज्यादा आसान है। यूक्रेन की तरह फिनलैंड भी रुसी साम्राज्य का हिस्सा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग से मास्को जितनी दूर है, उससे भी कम दूरी (400 किमी) पर फिनलैंड है। द्वितीय महायुद्ध के बाद फिनलैंड तटस्थ हो गया लेकिन स्वीडन तो पिछले 200 साल से किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। अब ये दोनों देश नाटो में शामिल होना चाहते हैं, यह रुस के लिए बड़ा धक्का है। उधर दक्षिण कोरिया भी चौगुटे (क्वाड) में शामिल होना चाह रहा है। ये घटनाएं संकेत दे रही हैं- नई वैश्विक गुटबाजी के! रुस और चीन मिलकर अमेरिका को टक्कर देना चाहते हैं और अमेरिका उनके विरुद्ध सारी दुनिया को अपनी छतरी के नीचे लाना चाहता है। यदि फिनलैंड और स्वीडन नाटो की सदस्यता के लिए अर्जी डालेंगे तो भी उन्हें सदस्यता मिलने में साल भर लग सकता है, क्योंकि सभी 30 देशों की सर्वानुमति जरूरी है। नाटो के महासचिव ने इन दोनों देशों का स्वागत किया है लेकिन मास्को ने काफी सख्त प्रतिक्रिया दी है। रुसी प्रवक्ता ने कहा है कि नाटो का यह विस्तार रुसी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। रुस चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी कार्रवाई करेगा। वह फौजी, तकनीकी और आर्थिक कदम भी उठाएगा। रुस ने धमकी दी है कि वह फिनलैंड को गैस की सप्लाई बंद कर देगा। वह बाल्टिक समुद्र के तट पर परमाणु प्रक्षेपास्त्र तैनात करने की भी तैयारी करेगा।

## एमआरएसएएम: अब दुश्मन की खैर नहीं

**योगेश कुमार गोयल**



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की दो मिसाइलों 'एमआरएसएएम' (मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल) का पिछले दिनों सतह से सफल परीक्षण किया गया। सेना के लिए तैयार इन मिसाइलों को उड़ीसा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से दागा गया और दोनों ही मिसाइलों ने लक्ष्यों को रास्ते में ही रोककर पूरी तरह से नष्ट कर दिया। 'आईटीआर' डीआरडीओ की ही भारतीय रक्षा प्रयोगशाला है, जो रॉकेट, मिसाइलों तथा हवाई हथियार प्रणालियों के लांच के लिए सुरक्षित सुविधाएं प्रदान करती है। आईटीआर से किए गए परीक्षण के दौरान पहली एमआरएसएएम मिसाइल ने मध्यम ऊंचाई पर लंबी दूरी के लक्ष्य को निशाना बनाया जबकि दूसरी मिसाइल ने कम ऊंचाई पर कम दूरी के लक्ष्य को निशाना बनाकर नष्ट किया। एमआरएसएएम के इन परीक्षणों के दौरान बालासोर जिला प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर आईटीआर के निकट बसे तीन गांवों से करीब सात हजार लोगों को अस्थायी तौर पर सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया था। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के मुताबिक एमआरएसएएम के दोनों सफल परीक्षण अहम रेंज पर लक्ष्यों को भेदने की हथियार प्रणाली की क्षमता को दिखाते हैं। डीआरडीओ के अनुसार यह उड़ान परीक्षण उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य के खिलाफ लाइव फायरिंग ट्रायलों का हिस्सा थी और बढ़ी हुई रेंज की इस मिसाइल ने बहुत दूर से लक्ष्य पर सीधा प्रहार करते हुए लक्ष्य को पूरी सटीकता से नष्ट कर दिया। पिछले साल दिसम्बर में एमआरएसएएम के आर्मी वर्जन का पहला परीक्षण किया गया था। एमआरएसएएम के सफल परीक्षण से ठीक चार दिन पहले भी डीआरडीओ द्वारा निर्मित सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का अंडमान और निकोबार में सफल परीक्षण किया गया था। उस परीक्षण के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल ने सटीकता के साथ अपने लक्ष्य को मार गिराया था। जहां तक सतह से हवा में मार करने वाली एमआरएसएएम संस्करण वाली मिसाइल की विशेषताओं की बात है तो डीआरडीओ द्वारा इस मिसाइल को डीआरडीएल हैदराबाद और इजरायल की कम्पनी 'इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज' (आईएआई) के साथ मिलकर बनाया गया है और आधा किलोमीटर से 100 किलोमीटर तक रेंज वाली एमआरएसएएम सैन्य हथियार प्रणाली में मल्टीफंक्शन रडार, मोबाइल लांचर प्रणाली तथा अन्य व्हीकल शामिल हैं। इजरायल से भारत को मिली बराक मिसाइल भी एमआरएसएएम ही है। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आर्मी वेपन सिस्टम में कमांड पोस्ट, मल्टी फंक्शन राडार, मोबाइल लांचर सिस्टम होता है। आईएआई के सहयोग से डीआरडीओ द्वारा बनाई गई एमआरएसएएम इजरायल की खतरनाक मिसाइल 'बराक-8' पर ही आधारित है। बराक मिसाइलें एमआरएसएएम का ही बेहतरीन नमूना मानी जाती हैं और भारत की इजरायल से बराक-1 मिसाइल से लेकर बराक-8 तथा बराक-8ईआर मिसाइल की डील चल रही है। भारत ने इजरायल से एमआरएसएएम मिसाइल के पांच रेजिमेंट (40 लांचर्स तथा 200 मिसाइल) खरीदने के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपये के सौदे को लेकर बात की है। आईएनएस विशाखापट्टनम में 100 किलोमीटर रेंज वाली 32 एंटी-एयर बराक मिसाइलें या 150 किलोमीटर रेंज वाली बराक 8ईआर मिसाइलें तैनात हो सकती हैं। इसके अलावा 16 एंटी-शिप या लैंड अटैक ब्रह्मोस मिसाइलें भी लगाई जा सकती हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## श्रीलंका को नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे से उम्मीदें



**डॉ. रमेश ठाकुर**

रानिल विक्रमसिंघे पांचवीं बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री बन गए हैं। कांटों से भरे इस ताज के साथ विक्रमसिंघे के समक्ष कठिनाइयों और चुनौतियों का अंबार है। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे स्वतः बीते एकाध दिनों से लगातार ऐसे फैसले ले रहे हैं जिससे देश की बिगड़ी अर्थव्यवस्था किसी भी तरह से सुधारी जा सके। इसलिए नए प्रधानमंत्री रानिल के कंधों पर उम्मीदों का बड़ा भार है। हालांकि अनमने मन से उन्होंने प्रधानमंत्री का पद संभाला जरूर है, लेकिन भय उनके भीतर भी है। लेकिन विपक्षी दलों ने उनसे साफ कहा है, उनके किसी फैसले का विरोध नहीं करेंगे, बस देश को सुधार दो। कोर्ट, प्रशासन, राजनीति, जनता, तमाम तंत्र उनके साथ चलने को राजी है। जिस बुरे दौर से श्रीलंका गुजर रहा है, ऐसी कल्पना श्रीलंकाइयों ने सपनों में भी नहीं की होगी। नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे युनाइटेड नेशनल पार्टी यानी यूएनपी के प्रमुख नेता हैं। उन्हें श्रीलंका का सबसे अच्छा प्रशासक और ताकतवर देशों का समर्थक माना जाता है। भारत के अलावा अमेरिका के साथ उनके संबंध अच्छे रहे हैं। पर, समस्याएं इस वक्त विकट हैं, इससे पहले भी वे चार बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। हालांकि तब की परिस्थितियों से आज के हालात की तुलना नहीं की जा सकती। इस वक्त समूचा श्रीलंका तबाह हुआ पड़ा है। लोग खाने-पीने की चीजों के साथ अन्य जरूरी चीजों के मोहताज हैं। काम-धंधे, व्यापार, नौकरियां, स्कूल-कॉलेज सब पर ताले हैं। जनजीवन थम गया है। पर्यटकों ने आना बंद कर दिया है। ये ऐसा क्षेत्र है जो देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती देता है। राजनीतिक उठापठक के बीच आर्थिक संकट के समुद्र में भी श्रीलंका गोता खा रहा है, उससे देश को बाहर निकालना रानिल विक्रमसिंघे की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री पद की कमान भले उन्होंने संभाल ली, पर जिन चुनौतियों से उन्हें अगले कुछ महीनों में लड़ना है, उसमें वह कितना सफल होते हैं, ये कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। कुल मिलाकर, श्रीलंका को एक अनुभवी प्रशासक चाहिए था। शायद रानिल के मिलने से यह खोज पूरी होगी। वे बेदाग नेता हैं। बिना लाग-लपेट और साफगोई से अपनी बात कहते हैं। निर्णय लेने में वह ज्यादा देरी नहीं करते। सबको साथ लेकर चलने में उन्हें महारथ हासिल है। रानिल के प्रधानमंत्री बनने पर भारत ने भी खुशी जाहिर की है। रानिल के राजनीतिक करियर को देखें तो ऐसा लगता है कि श्रीलंका को ऐसे ही नेता की इस वक्त जरुरत थी। वह अपनी पार्टी युनाइटेड नेशनल पार्टी के 1994 से सर्वमान्य के नेता हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने 7 मई 1993 से 18 अगस्त 1994, 8 दिसंबर 2001 से 6 अप्रैल 2004, 9 जनवरी 2015 से 26 अक्टूबर 2018 और 15 दिसंबर 2018 से 21 नवंबर 2019 तक देश की बागडोर संभाली। इसके अलावा वे सदन में दो बार नेता विपक्ष भी रहे। वह श्रीलंका में ही नहीं, बल्कि संसार भर में राजनीतिक पटल पर जाने पहचाने नेता हैं। श्रीलंका की स्थिति इस वक्त ऐसी है जिसे राजनीतिक-प्रशासनिक गठजोड़ ही उबार पाएगा। बिगड़ी अर्थव्यवस्था में अगर रानिल कुछ महीनों में तीस-चालीस फीसदी भी सुधार कर पाते हैं तब भी उनकी बड़ी उपलब्धि होगी। उनकी नियुक्ति इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि श्रीलंका की अवाम को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। वह इकलौते ऐसे नेता हैं जिसपर जनता विश्वास करती है। वे देश को राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और हिंसा से बाहर निकाल पाएंगे, ऐसी उम्मीद वहां के लोग लगाए बैठे हैं। श्रीलंका में बीते डेढ़ महीने से कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है, उसे दुरुस्त करना होगा। सुरक्षा दृष्टि से इस पड़ोसी मुल्क को हमेशा से शांत प्रिय कहा जाता है। लिट्टे के आतंक से मुक्ति के बाद देश में अमन-चैन लौटा था। लेकिन अचानक उगता सूरज डूब गया, अर्थव्यवस्था धड़ाम हो गई। इन सभी समस्याओं से रानिल विक्रमसिंघे को जूझ कर समाधान निकालना होगा। बहुत जल्द कुछ ऐसा करना होगा, जिससे आम जीवन कुछ सामान्य हो सके।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# जम्मू-कश्मीर परिसीमन प्रक्रिया पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



सुप्रीम कोर्ट

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर परिसीमन की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिका पर जम्मू-कश्मीर, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देरी से याचिका दाखिल करने पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2020 के नोटिफिकेशन को दो साल बाद आपने चुनौती दी है, अभी तक क्या आप सो रहे थे। याचिका हाजी अब्दुल गनी खान और डॉ. मोहम्मद अयूब मट्टू ने दायर किया है। याचिका में जम्मू और कश्मीर में लोकसभा और विधानसभा सीटों के परिसीमन का विरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि परिसीमन आयोग का गठन परिसीमन अधिनियम की धारा 3 के तहत बिना किसी क्षेत्राधिकार और अधिकार के किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से परिसीमन आयोग का गठन करना निर्वाचन आयोग के क्षेत्राधिकार में दखल देना है। याचिका में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में सीटों की बढ़ोतरी संविधान संशोधन करके ही की जा सकती है, क्योंकि संविधान के मुताबिक अगला परिसीमन 2026 में होना चाहिए। जम्मू और कश्मीर में विधानसभा की सीटें 107 से बढ़ाकर 114 बढ़ाना जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की धारा 63 और संविधान की धारा 81,82, 170 और 330 का उल्लंघन है। गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर की प्रस्तावित 114 सीटों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की 24 सीटें भी हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 6 मार्च, 2020 को एक नोटिफिकेशन जारी कर जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में जम्मू और कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नगालैंड की विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के लिए परिसीमन आयोग का गठन किया था। इस आयोग का कार्यकाल एक साल के लिए था। बाद में 3 मार्च, 2021 को एक और नोटिफिकेशन जारी कर परिसीमन आयोग का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया था। कार्यकाल बढ़ाते समय परिसीमन आयोग का क्षेत्राधिकार केवल जम्मू और कश्मीर के लिए ही रखा गया।

## NEWS IN BRIEF

### आतंकी हमले में पुलिस कांस्टेबल शहीद

पुलवामा। पुलवामा जिले के गुडारू इलाके में शुक्रवार को आतंकियों ने पुलिस कांस्टेबल पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल पुलिस कांस्टेबल ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हमले के बाद मौके से भागे आतंकियों की धर-पकड़ के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को गुडारू इलाके में कांस्टेबल रियाज अहमद अपने घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान आतंकी अचानक आए और रियाज पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोली लगते ही पुलिस कांस्टेबल जमीन पर गिर पड़ा और आतंकी उसे मरा समझ कर मौके से फरार हो गए। लोगों की मदद से रियाज को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत श्रीनगर के सैन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। श्रीनगर अस्पताल में इलाज के दौरान रियाज ने दम तोड़ दिया। वहीं, हमले के तुरंत बाद एसओजी के जवान सेना व सीआरपीएफ के संयुक्त दल के साथ गुडारू इलाके में पहुंचे और आतंकियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

### चारधाम के वीवीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने शुक्रवार से चारधाम के वीवीआईपी और वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब वीवीआईपी और वीआईपी को आम श्रद्धालुओं की तरह कतारबद्ध होकर ही दर्शन करने होंगे। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में आज से ही वीवीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अभी तक केंद्र और राज्यों के मंत्रियों, बड़े नौकरशाहों, बड़े उद्यमियों-कारोबारियों और अन्य विशिष्ट लोगों को बिना कतार के दर्शन कराए जाते थे।

## उत्तराखंड: गंगा नदी के टापू में फंसे 7 मजदूर, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

बीएनएम@उत्तरकाशी

उत्तरकाशी। मनेरी में आधी रात को 7 मजदूरों के गंगा नदी के टापू पर फंसे होने की सूचना पर एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तीन मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया है। जबकि अन्य मजदूरों को निकालने का काम जारी है। मनेरी भाली द्वितीय बांध बैराज के पास मनेरी में मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर मनेरी डैम के पास भागीरथी नदी पर बीती आधी रात 12 बजे 7 स्थानीय मजदूर टापू में फंस गए। बताया जा रहा है कि नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण वैकल्पिक मार्ग बह गया, जिससे मजदूर टापू की दूसरी ओर फंस गए। देर रात करीब 12:00 बजे एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तीन लोगों को टापू से रेस्क्यू कर बाहर निकाला। शेष लोगों को बाहर निकालने का काम जारी है। मजदूर नदी में रात क्या करने गए इस पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे मप्र की स्टार्टअप नीति का वर्चुअल शुभारंभ


बीएनएम@भोपाल

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी शाम 7.00 बजे आभासी माध्यम से जुड़ेंगे और प्रदेश के तीन स्टार्टअप संचालकों से संवाद भी करेंगे। इसमें इंदौर के शाप किराना के तनुतेजस सारस्वत व ग्रामोफोन के तौसीफ खान और भोपाल के उमंग श्रीधर डिजाइन स्टार्टअप की संस्थापक उमंग श्रीधर शामिल हैं। प्रधानमंत्री द्वारा इस अवसर पर स्टार्टअप पोर्टल की लॉन्चिंग भी की जाएगी। इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2022 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनिंदा स्टार्टअप्स की सफलता की कहानियों का संग्रह भी जारी करेंगे। कॉन्क्लेव में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा और सांसद शंकर लालवानी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने शुक्रवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि यह हम मध्य प्रदेश वासियों का सौभाग्य कि आज हमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा और आपके कर कमलों से युवाओं के सपनों को साकार करने वाली एमपी स्टार्टअप पालिसी 2022 और स्टार्टअप पोर्टल का आज शुभारंभ हो रहा है। मैं सभी युवाओं से आग्रह करता हूं कि इस कार्यक्रम से जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त कर अपने भविष्य को गढ़ने में उसका उपयोग करें।

## बांग्लादेशी कारोबारी व सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी के छापे

बीएनएम@कोलकाता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में अवैध तरीके से रह रहे एक बांग्लादेशी कारोबारी सहित चार लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान संबंधित लोग अपने घरों से फरार हो गए। ईडी अधिकारियों ने मौके से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किये हैं। जिसमें एक महत्वपूर्ण डायरी भी बरामद होने की खबर है, जिसमें रुपये के लेनदेन के बारे में जिक्र है। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने बताया है कि शुक्रवार सुबह 7 बजे ईडी अधिकारियों की चार अलग-अलग टीमों ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की है। एक टीम ने सबसे पहले उत्तर 24 परगना के अशोक नगर में स्थित सुकुमार के बहुमंजिला मकान पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया है। इसके बाद दमदम में सुकुमार के कारोबार सहयोगी प्रशांत हलदर के घर, दक्षिण 24 परगना बे प्रणव हालदार और कोलकाता के ईएम बायपास के पास स्वपन मिश्रा के घर भी ईडी ने छापेमारी की है।




## शाह के बाद नड्डा करेंगे बंगाल का दौरा



बीएनएम@कोलकाता

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मई महीने के अंतिम सप्ताह में बंगाल दौरे पर आने वाले हैं। प्रदेश भाजपा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे के बाद नड्डा का दौरा बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार बंगाल दौरे के दौरान भाजपा अध्यक्ष प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के अलावा पार्टी के सहयोगी और सामान विचारधारा वाले संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। पता चला है कि मई महीने के अंतिम सप्ताह में ही जेपी नड्डा बंगाल आएंगे। हालांकि तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन उनके दफ्तर से संपर्क कर इस की योजना बनाने का आवेदन प्रदेश भाजपा ने किया है। जेपी नड्डा के दौरे पर ही केंद्रित कर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी तय की जाएगी। सूत्रों ने बताया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन बरकरार रखने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का दौरा होना है। 2019 में भाजपा ने 42 में से 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार कम से कम 18 और उससे अधिक सीट जीतने की रणनीति पार्टी बना रही है। इसकी वजह है कि 2019 में भाजपा के पास केवल तीन विधायक थे जबकि इस बार इनकी संख्या 70 के करीब है। हालांकि विधानसभा चुनाव में भाजपा भले ही हारी है लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी बनकर उभरी इसलिए लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए बड़ी चुनौती है। इसके अलावा 33 सालों तक राज्य की सत्ता पर काबिज रहने वाले वाम दल भी हाल के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। अमूमन देखा गया है कि वामदलों के समर्थकों के वोट से भाजपा के सांसदों को बढ़त और जीत मिलती रही है। इस बार अगर माकपा का वोट बंटा तो भाजपा के लिए न केवल अपना प्रदर्शन बरकरार रखना चुनौतीपूर्ण होगा बल्कि विधानसभा चुनाव के मुकाबले भी मत प्रतिशत में कमी आ सकती है। इसीलिए पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व हर हाल में बंगाल में शिकस्त के बाद सुस्त पड़े कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहता।

Saturday
14 May 2022

BNM Fantasy



# 'हिट -द फर्स्ट केस' जल्द होगी रिलीज

सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की जोड़ी जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। फिल्म 'हिट -द फर्स्ट केस' की शूटिंग इसी साल अप्रैल में पूरी हो चुकी है और अब मेकर्स ने शुक्रवार को फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। यह फिल्म इसी साल 15 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'हिट -द फर्स्ट केस' एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म साल 2020 में आई विश्वक सेन और रूहानी शर्मा की मुख्य भूमिका वाली तेलुगु फिल्म "हिट" का हिंदी रीमेक है। फिल्म में एक पुलिसकर्मी की कहानी बताई गई है, जो एक लापता महिला की तलाश में जुट जाता है।

# श

*शादी के 24 साल बाद सोहेल खान और सीमा ले रहे तलाक*

बॉलीवुड से एक शॉकिंग खबर सामने आई है। अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के तलाक के बाद अब खान परिवार के एक और कपल की राहें अलग हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान के छोटे भाई अभिनेता व निर्माता-निर्देशक सोहेल खान और उनकी पत्नी सीमा खान ने शादी के 24 साल बाद अब एक -दूसरे से कानूनी रूप से अलग होने का फैसला लिया है और दोनों को आज एक फैमिली कोर्ट के बाहर स्पॉट किया गया। जहां दोनों तलाक की अर्जी देने पहुंचे थे। हालांकि अभी तक सोहेल या सीमा किसी के तरफ से भी कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं किया गया है। सोहेल और सीमा के तलाक लेने की खबर सामने आते ही इंडस्ट्री में हड़कंप सा मच गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सोहेल और सीमा की लव मैरिज हुई थी। दोनों की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। सीमा दिल्ली की रहने वाली एक पंजाबी लड़की है, तो वहीं सोहेल मुस्लिम परिवार से आते हैं। सोहेल जहां बॉलीवुड से बिलोंग करते हैं वहीं सीमा फैशन डिजाइनिंग में अपना करियर बनाना चाहती थी और इसी क्रम में वह अपने सपने को पूरा करने के लिए मुंबई गईं। जहां चंकी पांडे की सगाई की पार्टी में सोहेल और सीमा की मुलाकात हुई है। पहली नजर में ही सीमा -सोहेल को भा गई और दोनों में दोस्ती हो गई। यह दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई। दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और दोनों शादी करना चाहते थे,लेकिन धर्म अलग होने के कारण सीमा के परिवार वाले इस रिश्ते के लिए राजी नहीं हुए।



# सलमान ने की 'धाकड़' कंगना की तारीफ

***क्वीन बोलीं- थैंक्स मेरे दबंग हीरो***



कंगना रनौत कि आगामी फिल्म धाकड़ का दूसरा ट्रेलर मेकर्स ने बीते दिन रिलीज कर दिया। फिल्म के ट्रेलर के सामने आने के बाद हर कोई कंगना के अभिनय कि जमकर तारीफ कर रहा है। इस कड़ी में एक नाम जुड़ गया है बॉलीवुड के भाईजान यानि सलमान खान का। सलमान खान ने कंगना कि फिल्म धाकड़ का दूसरा ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- 'टीम धाकड़ को बहुत शुभकामनाएं !' इसके साथ ही सलमान खान ने कंगना रनौत, अर्जुन रामपाल और प्रड्यूसर सोहेल मकलाई को टैग किया है। सोशल मीडिया पर सलमान का यह पोस्ट वायरल हो रहा है और हर कोई सलमान की तारीफ कर रहा है। वहीं कंगना रनौत ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर सलमान खान का शुक्रिया अदा किया है।कंगना ने इंस्टा स्टोरी पर लिखा है- 'थैंक यू मेरे दबंग हीरो, जिनका दिल सोने जैसा है। मैं अब कभी नहीं कहूंगी कि मैं इस इंडस्ट्री में अकेली हूं। पूरी धाकड़ टीम की तरफ से आपका शुक्रिया।' इसी के साथ उन्होंने सलमान के पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। सलमान खान के अलावा अभिनेता विद्युत् जामवाल ने भी कंगना की इस फिल्म के ट्रेलर की तारीफ की है। वहीं कंगना ने भी विद्युत् के पोस्ट का स्क्रीनशॉट अपनी इंस्टा स्टोरी पर साझा करते हुए उन्हें शुक्रिया कहा है। गौरतलब है कि बीते दिन रिलीज हुए धाकड़ के दूसरे ट्रेलर में कंगना रनौत जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं। 'धाकड़' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कंगना एक सीक्रेट एजेंट अग्नि के किरदार में हैं। फिल्म में कंगना के अलावा अभिनेता अर्जुन रामपाल विलेन रुद्रवीर के किरदार में और अभिनेत्री दिव्या दत्ता भी रोहिणी नाम का किरदार में हैं। फिल्म को सोहेल मकलई और दीपक मुकुट संयुक्त रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं ,जबकि निर्देशन रजनीश घई ने किया है। यह फिल्म चार भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में 20 मई, 2022 को रिलीज होगी।